# नाच गान करके उल्लास मनाना ही हम आदिवासियों की है परम्परा : अर्जुन मुंडा

बिभा संवाददाता

खूँटी । मुरहू में आयोजित प्रखंड स्तरीय सरहुल मिलन समारोह रविवार को धूमधाम से मनाया गया। इस सरहुल मिलन कार्यक्रम स्थानीय पाहनों द्वारा पूजा पाठ करके शुभारम्भ किया गया। मौके पर बतौर मुख्य अतिथि केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा और खूँटी के विधायक नीलकंठ सिंह मुंडा उपस्थित रहे। वहीं अतिथि द्वय का आयोजन समिति ने हर्षोल्लास के साथ स्वागत किया। इस दौरान केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा को



ग्रामीणों ने फूल माला व अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के दौरान केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा ने सरहूल की शुभकामना देते हुए कहा कि हमारा देश उत्सवों का देश है वहीं प्रकृति का सुख हम सभी के लिए वरदान के रुप में दी है। लेकिन जनजातीय समुदाय प्रकृति के प्रेमी भी हैं तो प्रकृति को ईश्वर भी मानते हैं। जिस प्रकृति के कृपा से हम सभी जीवित हैं। जिस प्रकार प्रकृति हमारी रक्षा करती है हमें भी चाहिए की प्रकृति की हम रक्षा करें। उन्होंने कहा कि नाच गान करके उल्लास मनाना ही हमारी पहचान है। वहीं सरहूल पर्व पर ईश्वर को धन्यवाद देते हुए खुशियाँ मनाते हैं और नाचते गाते हैं। वहीं मौके पर खूँटी विधायक नीलकंठ सिंह मुंडा ने कहा कि समाज की खुशी हमारा पर्व त्यौहार ही है। जिसमें हमारे आदि संस्कृति झलकता है। और हम आदिवासियों को गौरव भी होता है कि हमारा आदी संस्कृति विज्ञान परक है और सबसे ऊँचा है। सरहूल पर्व इसी गौरव पूर्ण त्यौहार के उल्लास का समायोजन है। जिसकी खुशी एक दूसरे से जाहिर करने के लिए मिलन समारोह का आयोजन किया जाता है।

इस मौके पर हजारों की संख्या में भव्य शोभा यात्रा मुरहू मुख्यपथ बाजार के बीच से निकाला गया। जिसमें अर्जुन मुंडा ने ढोल नगाड़ा बजाकर महोत्सव को आगाज किया। इस कार्यक्रम में गौतम मुण्डू, जुरन सिंह मुण्डा, देवमन पूर्ति, सावना हस्सा, जगमोहन पूर्ति सहित आयोजन समिति के सारे लोग आदि ने भूमिका निभाई। इस कार्यक्रम में भाजपा जिला महामंत्री विनोद नाग, मण्डल अध्यक्ष बिहारी साव, महेश चौधरी, डबलू प्रसाद आदि अनेक लोग उपस्थित थे ।

## जो भक्ति में लीन रहता है उसे मिलता है ईश्वरीय शक्ति : कोचे

बिभा संवाददाता

रनिया । कोटांगेर में पंचमुखी हनुमान मंदिर प्राण प्रतिष्ठा दूसरा वार्षिक उत्सव धूमधाम से मनाया गया। प्राण प्रतिष्ठा वार्षिक उत्सव कार्यक्रम को लेकर कलश यात्रा व अखण्ड हरी कीर्तन मंदिर परिसर में हजारों भक्तों की मौजूदगी में आयोजित हुआ। कलश यात्रा कोयल नदी से सैकड़ो महिला पुरुष नन्हे भक्तो के साथ मंदिर परिसर तक जल लेकर पैदल जयकारे के बीच पहुंची।इसके बाद पंडित पुरोहित के मंत्रोच्चारण के बीच सभी अनुष्ठान विधि पूर्वक संपन्न कराया गया।मौके पर खूँटी, सिमडेगा, गुमला जिला के विभिन्न जगहों से पहुँचे कीर्तन मंडलियों के द्वारा 24 घंटे का अखंड हरी कीर्तन शुरू किया गया जो आज समाप्त होगा। मंदिर परिसर पहुँचे श्रद्धालु



भक्तों के बीच प्रसाद का वितरण किया गया। प्राण प्रतिष्ठा वार्षिक उत्सव में मंदिर परिसर पहुँचे श्रद्धालु भक्तों में श्रद्धा भक्ति भावना से ओत-प्रोत देखा गया। कार्यक्रम में तोरपा विधायक कोचे मुंडा अपने धर्मपत्नी के साथ शामिल होकर पंचमुखी हनुमान मंदिर में विराजमान बजरंगबली का दर्शन किया।और लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि भक्तों भक्ति में शक्ति है जो भक्ति में लीन रहता है उसे ईश्वरी शक्ति मिलता है उन्होंने कहा अयोध्या में राम मंदिर का प्राण प्रतिष्ठा हुआ तब से लोगों में भक्ति का भाव बढ़ा है। कार्यक्रम का सफल आयोजन में मंदिर प्रबंधन समिति के अध्यक्ष हरिमोहन सिंह, सचिव भवानी सिंह, बुद्धेश्वर सिंह, देवशरण महतो, हीरालाल महतो, शिव अवतार सिंह महिपाल सिंह, नेहरू महतो, मन्जीत सिंह खेरवार, महावीर मांझी, रणविजय सिंह, युगल नाग, निखिल कंडुलना, कृष्ण सिंह, अजीत तोपनो, नारायण साहू का सहयोग रहा। वहीं इस अनुष्ठान के पहले दिन विभिन्न प्रखंडों व जिलों के हजारों लोग शिरकत किये थे।

## बनई नदी सूख जाने से हो जाएगा मुरहू वासियों के लिए जल संकट समस्या



बिभा संवाददाता

खूँटी । जिले भर में प्रत्येक गाँव में एक तरफ विभागों की देखरेख में बना सोलर जलमीनार का उपयोग होने के पूर्व ही साँसें गिनने लगा है तो कहीं ठीकेदारी की भेंट चढ़कर हाथी के दाँत बन गया है। और अब वही ढांक के तीन पात हो गया है। लेकिन बढ़ती गर्मी में जल के बिना लोगों को त्राहिमाम करना ना पड़े इसके पहले ही उन ठीकेदारों को जिन्होंने नल जल योजना कि किम लिया उसे दुरुस्त कर दे तो लोगों को समस्या से निजात मिल सकता है। वहीं ऐसे ही पेयजल संकट से मुरहू क्षेत्रवासी चिंताग्रस्त हैं कि अगर शहरी जलापूर्ति करता आ रहा बनई नदी सूख जाएगा तो अनेक घर जलविहिन हो जाएंगे। इसपर योजना बनाकर जल जमाव करने की व्यवस्था बनाना पड़ेगा। नहीं तो बनई नदी में पानी सूख जाने से इसपर बना इंटेकवेल जल्द ही सुख जाने की आशंका बना हुआ है। जिससे गुरमी, कोडाकेल, डूडरी, ब्लॉक, मुरहू बस्ती, बांदे, चमराटोली आदि गाँव प्रभावित हो जाएंगे। जिसकी एक ही वैकल्पिक व्यवस्था बोरी बांध है तो दूसरा इस नदी पर स्थाई समाधान चैक डैम ही कारगर हो सकता है। इस मामले पर पंचायत समिति सदस्य रौशन लाल गंझू ने बताया कि अभी वैकल्पिक व्यवस्था के तहत बोरी बांध बना दिया जाए तो इस भीषण गर्मी में तत्काल राहत दे सकती है और गर्मी में नदी सूखने से पहले ही पानी भर जाने से जलश्रोत पझरा मिल जाएगा।

## न्यायालय में चल रहे वादों की जानकारी रखना वादियों का है हक : दिनेश बाउरी

बिभा संवाददाता

खूँटी । राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकार नई दिल्ली एवं झालसा रांची के निर्देश पर जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह डालसा अध्यक्ष रषिकेश कुमार के मार्गदर्शन में उपकारा खूँटी में जेल लोक अदालत सह कानूनी जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया।

आयोजित जेल अदालत में उपस्थित कैदियों को संबोधित करते हुए अनुमंडलीय न्यायिक दंडाधिकारी दिनेश बाउरी ने कहा कि सभी कैदी अपने अपने अधिवक्ता के माध्यम से अपने वादों का जल्द से जल्द निपटारा करवाएँ। उन्होंने अनिवार्य बेल, जमानत एवं गैर जमानतीय प्रावधान के बारे जानकारी देकर उपस्थित लोगों को जागरूक किया और निशुल्क न्याय के बारे में भी



लोगों को विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने सभी कैदियों से यह भी कहा कि न्यायालय में चल रहे अपने-अपने सभी वादों की जानकारी रखना आपका हक है आपको निशुल्क न्याय देना हमारा हक है बेसरते आप लेने के लिए हमेशा आगे बढ़े और जागरूक रहें। उन्होंने सभी लोगों से यह आ?ह भी किया कि समय का सदुपयोग करते हुए सभी समय-समय पर पढ़ने लिखने की भी आदत डालें। जो कि निकट भविष्य में आगे बढ़ाने में आपको मदद मिलेगी। कार्यक्रम में उपस्थित अमरदीप कुमार ने कैदियों को योग्य अधिवक्ता प्राप्त अधिकार के बारे में विस्तृत जानकारी दिया। इस कार्यक्रम में अनुमंडलीय न्यायिक दंडाधिकारी दिनेश बाउरी, व्यवहार न्यायालय के कर्मचारी, उपकारा खूँटी के कारापाल प्रभारी शहजादा खान, डीएलएसए पी एल वी एवं जेल पीएलवी उपस्थित रहे।

## कश्मीर को आतंकवादियों से मुक्त करने के क्रम में शहीद हुए एएम भेंगरा को किया नमन

बिभा संवाददाता

खूँटी । लोगों के दिलों में देशभक्ति की भावना को बढावा देने और देश की रक्षा के खातिर अपने प्राणों की आहुति देने वाले शहीद नायकों की वीरता व बलिदान का सम्मान करने के कड़ी में 94 बटा. केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल, खूँटी (झारखण्ड) द्वारा रविवार को आर.सी मध्य विद्यालय-रोन्हे, तपकारा में शहीद हवलदार/जीडी ए.एम. भेंगरा के शहादत दिवस के अवसर पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। शहीद हवलदार/ जीडी ए.एम. भेंगरा हमारे देश की सुरक्षा सेवा देने के क्रम में 21 अप्रैल 2003 को शहीद हो गये थे।

केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल के 30 बटा. में तैनाती के दौरान जम्मू-कश्मीर राज्य में आतंकवादियों के खिलाफ मदिना गाँव, थाना-सुरनकोट, जिला. पूँछ (जम्मू-



कश्मीर) में आतंकवादियों के विरुद्ध धावा बोला गया था। वहीं वापस आते समय जंगल में छिपे आतंकवादियों द्वारा सीआरपीएफ के वाहन पर फायरिंग किया गया। फायरिंग के दौरान आतंकवादियों के खिलाफ वीरतापूर्वक लड़ते हुए अपने कर्तव्यों का निर्वहन एवं देश की रक्षा के खातिर उन्होंने अपने प्राणों की आहुति दी है। इस शहादत दिवस के अवसर पर सर्वप्रथम अंजन कुमार मण्डल- उप कमांण्डेंट-94 बटा. केरिपुबल द्वारा शहीद की प्रतिमा पर पुष्पमाला अर्पण करते हुए उन्हें श्रध्दांजली अर्पित की एवं वीर नारी अलिशा भेंगरा को सम्मानित करते हुए उपहार भेंट किया तथा उनकी समस्याओं के बारे मे चर्चा किया। इस कार्यक्रम में अंजन कुमार मंडल, उप कमांण्डेंट-94 बटा. के.रि.पु. बल श्यामल कुमकर (थाना प्रभारी तपकारा), इमलिया गुडिया (प्रधानाचार्य आर. सी. मध्य विद्यालय रोन्हे) व ग्रामवासी एवं 94 के अन्य कार्मिक उपस्थित थे।

## स्व नानाश्री रमन महतो की यादगार में गायत्री ज्ञान रथ द्वारा होगा भक्ति जागरण

खूँटी । समाजसेवी स्व नानाश्री रमन महतो की प्रथम पुण्यतिथि पर रविवार को गायत्री परिवार के मुख्य ट्रस्टी बालमुकुंद कश्यप द्वारा सहायक ट्रस्टी सीमा सिंह को गायत्री ज्ञान रथ की चाभी सौंपी गई। मौके पर कश्यप ने कहा कि परम पूज्य गुरुदेव श्रीराम शर्मा आचार्य द्वारा लिखित पुस्तक ज्ञान रथ के माध्यम से गांव-गांव जाकर व्यक्ति निर्माण, परिवार निर्माण एवं समाज निर्माण का संदेश देंगे। दिवंगत नानाश्री रमन महतो के अधूरे कार्य को पूरा करने में यह ज्ञान रथ मील का पत्थर साबित होगा। गायत्री परिवार खूँटी के सदस्य मनुष्य में देवत्व का उदय एवं धरती पर स्वर्ग का अवतरण के सपनों को साकार करने में लगे हुए हैं। मौके पर उनके आवास में 12 घंटे का अखंड जाप एवं हवन का कार्यक्रम हुआ। शाम में वृद्धाश्रम में वृद्धों को भोजन कराया गया।

## कर्रा के प्रचलित लौकेंल मंडा घर-घर पाठ पूजा के साथ शुरू



बिभा संवाददाता

खूँटी । देवों के देव महादेव के प्रति आस्था का पर्व मंडा अनुष्ठान कर्रा प्रखंड के सुप्रसिद्ध लौंकेल मंडा पूजा रविवार से घर-घर पूजा पाठ के साथ शुरू हो गया। वहीं भोलेनाथ की आराधना करने के लिए प्रवेश करने वाले भगतियाओं का उपवास पाट-भगता की अगुवाई में करने लगे हैं। वहीं रविवार को सुबह ही पंडित और भोक्ताओं द्वारा पाठ भगवान को माथा में लेकर सर्वप्रथम कर्रा शिवालय पहुँचे। जहाँ भगतियाजन विधि विधान के साथ पूजा अर्चना करने के बाद कर्रा थाना मंदिर परिसर पहुँचे साथ ही प्रखंड कार्यालय स्थित शिवालय पहुंचने के बाद नंगे पाँव चलते हुए प्रत्येक हिंदू धर्मावलंबी के घर पहुँच कर पाट महाप्रभु जी का विधि विधान से पूजा अर्चना किया। इस दौरान भगतियाओं ने बोले शिवा मनिमहेश, जय जगन्नाथ , गया गजाधर का उद्घोष लगाते हुए नृत्य किया। जिसमें पंडित पवन दास गोस्वामी द्वारा प्रत्येक हिंदू घरों में विधि विधान के साथ पूजा अर्चना कराया गया। इस मौके पर पहील वंश बुधुवा मुंडा, पाट भगता बिरसा मुंडा, झंडा वाहक अमरजीत बैठा के अलावे 52 भगतियाओं का समावेश साधना करने में लगे हैं।

पंडित पवन दास गोस्वामी ने बतलाया कि सोमवार को लटन सेवा कार्यक्रम, मंगलवार को जागरण कार्यक्रम के साथ धुआं-सुआं, एवं फुलखुंदी कार्यक्रम होगा और बुधवार को झूलन कार्यक्रम के साथ ही मंडा पूजा का समापन किया जाएगा।

## तोरपा एवं खूंटी प्रखंड में मतदाताओं को दी गई जानकारी



बिभा संवाददाता

खूँटी । लोकसभा आम निर्वाचन 2024 में मतदाता भागीदारी बढ़ाने, नैतिक मतदान तथा निर्वाचन संबंधी जागरूकता जन जन तक पहुँचाने के उद्देश्य से स्वीप कार्यक्रम के तहत विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में रविवार को सखी मंडल की दीदियों द्वारा विशेष अभियान चलाते हुए सुदूर क्षेत्र के ग्रामीण मतदाताओं को लोकसभा चुनाव के संबंध में विस्तृत जानकारी दी गई। मतदाता जागरूकता अभियान के माध्यम से ग्रामीण महिलाओं को उनके मताधिकार के बारे में जानकारी दी गई। बताया गया कि एक एक वोट लोकतंत्र के लिए आवश्यक है, आपका एक वोट अमूल्य है, इसलिए अपने मताधिकार का प्रयोग अवश्य करें। सभी को वोटर हेल्पलाइन ऐप, 1950, सी विजील ऐप के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई।

## संक्षिप्त खबरें

### खूँटी में चलने लगा है लू, गर्मी से परेशान होने लोग



खूँटी । जिले में लू का असर देखने मिल रहा है। खूँटी का तापमान 39 डिग्री सेल्सियस आँका गया है। जिससे त्रस्त बाहर निकले लोग छाता का सहारा लेने को मजबूर हैं तो घर व दूकानों में पंखे कूलर चलाकर गर्मी कि असर कम करने का जुगाड़ लगाने हुए हैं। वहीं धूप में सूखते कण्ठ को प्यास बुझाने के लिए ईख का जूस, डाभ पानी तरबूज आइसक्रीम कुल्फी का आनन्द ले रहे हैं। अस्पताल में चिकित्सक लोगों को धूप से बचने का सलाह दे रहे हैं। हेमंती देवी ने बताया कि गर्मी काफी बढ़ गयी है। जूस पीने और घर के लिए भी ले लिये हैं। सदर अस्पताल के चिकित्सक डॉ ने बताया कि शरीर में पानी का कमी न होने दें। पसीने के माध्यम से शरीर से पानी निकल जाता है। तो शरीर में पानी की कमी हो जाती है। शरीर में पानी की कमी होने से कई दुष्प्रभाव शरीर को पड़ जाते हैं। लोगों ने बताया कि गर्मी बढ़ गयी है। गर्मी में बाहर निकलना मुश्किल हो गया है लेकिन आवश्यकता पड़ने पर बाहर निकलना पड़ता है। वहीं शहर में जगह जगह ईख जूस का दूकान लगा हुआ है। गर्मी में लोग सस्ते में ईख रस का आनन्द ले रहे हैं। वहीं ग्रामीण बेरोजगार युवकों को रोजगार का साधन भी मिल गया है। कड़ाके धूप की गर्मी में लोग ईख रस का आनन्द भी ले रहे हैं। इधर , घड़ों की बिक्री भी बढ़ गयी है।

### संतमत सत्संग आश्रम पहुँचे केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा

खूँटी । जिले के मुरहू प्रखंड स्थित कृष्णापुरी के संतमत सत्संग आश्रम में रविवार को अर्जुन मुंडा ने जाकर सत्संग में भाग लिया। मौके पर उन्होंने भंडारे का प्रसाद ग्रहण किया। वहीं केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा ने सत्संग कार्यक्रम में उपस्थित होकर जमीन पर बैठकर सत्संग का लाभ लिया। इस दौरान लक्ष्मण बाबा, खूँटी प्रखण्ड प्रमुख छोटराय मुण्डा, रामहरि साव, सूरजमल साव, सुबोध प्रसाद, डॉ धर्मेन्द्र तिवारी, महावीर गोस्वामी, संजय गुप्ता, गणपति ठाकुर, रोशन कुमार आदि उपस्थित थे।

### दिवंगत जनों के घर घर जाकर अर्जुन मुंडा ने की संवेदना व्यक्त



खूँटी । मुरहू में हाल ही में समाज के वरिष्ठ जनों के दिवंगत की जानकारी पाते ही केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा ने भाजपा कार्यकताओं व समाज के लोगों के साथ मुरहू स्थित सभी दिवंगत जनों के घर जाकर परिजनों से मुलाकात की और उनके प्रति संवेदना व्यक्त किया। जिसमें भाजपा के पूर्व प्रखण्ड महामंत्री स्व मनोहर भगत , सक्रिय कार्यकर्ता रहे स्व तुलसी साव और स्व रहीम खान उर्फ मुन्ना खान के घर जाकर परिजनों से मुलाकात की और संवेदना प्रकट किये। वहीं लोगों ने बताया कि सभी दिवंगत जनों का समाज के प्रति अपनी भूमिका के कारण अलग ही पहचान रही है। मौके पर, खूँटी प्रमुख छोटराय मुण्डा, भाजपा जिला अल्पसंख्यक मोर्चा के अध्यक्ष सफीक खान, महेश चौधरी, मंडल अध्यक्ष बिहारी साव, सुबोध प्रसाद, सीताराम प्रसाद, डबलू प्रसाद मुरहू मुखिया ज्योति डोडराय, महावीर गोस्वामी सहित अनेक लोग उपस्थित थे।

### अबतक बारह प्रत्याशियों ने खरीदा है उम्मीदवारी नामांकन प्रपत्र



खूँटी । लोकसभा निर्वाचन के दिन जैसे जैसे निकट आते जा रहा है वैसे वैसे राष्ट्रीय पार्टियों और क्षेत्रीय पार्टियों के अलावे निर्दलीय प्रत्याशियों की चुनाव में खड़ा होने की इच्छा बढ़ता नजर आ रहा है। वहीं अबतक राष्ट्रीय पार्टियों के उम्मीदवारों के साथ कुल मिलाकर 12 लोगों ने प्रत्याशी नामांकन प्रपत्र खरीद चुके हैं। जिसमें भाजपा प्रत्याशी अर्जुन मुंडा, कांग्रेस प्रत्याशी कालीचरण मुण्डा, झारखंड पार्टी के प्रत्याशी अर्पणा हंस, भारत आदिवासी पार्टी उम्मीदवार बबीता कच्छप, पिपुल्स पार्टी ऑफ इण्डिया डेमोक्रेटिक उम्मीदवार थोमस डांग, लोकहित अधिकार पार्टी से काशीनाथ संगा, अम्बेदकराईट पार्टी ऑफ इण्डिया के सामड़ोम गुड़िया, भागीदारी पार्टी के जयपाल मुण्डा, अम्बेदकराईट पार्टी ऑफ इण्डिया के उम्मीदवार सामुएल पूर्ति, निर्दलीय उम्मीदवार बसंत लोंगा, निर्दलीय उम्मीदवार पास्टर संजय तिर्की, निर्दलीय उम्मीदवार अहलाद केरकेट्टा ने पर्चा खरीदा है। जिसमें एक प्रत्याशी पास्टर संजय तिर्की ने पर्चा दाखिल कर दिया है। वहीं अभी तीन दिन बचा है तो उम्मीद जताया जा रहा है कि इस चुनावी उम्मीदवारी के लिए और भी कई उम्मीदवार प्रत्याशी नामांकन प्रपत्र खरीद सकते हैं।

### जैन समाज ने शोभायात्रा निकालकर मनाया महावीर जयंती

खूँटी । नगर में जैन धर्म के अनुयायियों द्वारा रविवार को शोभायात्रा निकाली गई। जिसमें जैन समाज के लोग पूरे भक्ति भाव के साथ महावीर जयंती के मौके पर जैन धर्म के 24वें तीर्थंकर की आराधना की। वहीं पूरे भक्तिभाव के साथ अहिंसा के मार्गदर्शक भगवान महावीर के संदेश जियो और जीने दो और अहिंसा परमो धर्म का स्व-भाव में आत्मसात किया। इस दौरान जैन मंदिर में 24वें तीर्थंकर की आरती उतारी गयी। इसके पूर्व जैन समाज के महिला पुरुष बच्चे सभी ने भक्तिमय उल्लास के साथ जयकारा लगाते हुए शोभायात्रा में शामिल हुए। जिसमें भगवान महावीर को पालकी में विराजमान कर नगर भ्रमण कराया गया। तथा बैंड बाजा दल के साथ निकाली गई शोभायात्रा में शामिल लोगों ने भजन गाया। नगर भ्रमण के बाद वापस जैन मंदिर पहुँची जहाँ भगवान की अभिषेक के साथ पूजा की गई। शाम में सामूहिक महा आरती के साथ भगवान महावीर के संदेशों को बताया गया।

